# अक्टूबर-दिसंबर के दौरान 29 फीसदी घटा चीनी उत्पादन

प्रेट्र ▸ **नई दिल्ली...** चालू पेराई सीजन 2013-14 (अक्टूबर से सितंबर) के दौरान चीनी मिलों में पेराई देर से शुरू होने के कारण 31 दिसंबर तक चीनी उत्पादन में 29 फीसदी की कमी आकर कुल उत्पादन 57.39 लाख टन का हुआ है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार वर्ष 2013-14 में चीनी का कुल उत्पादन 250 लाख टन होने का अनुमान है। इस्मा के अनुसार चालू पेराई सीजन में महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 22.14 लाख टन का ही हुआ है जबकि पिछले



साल की समान अवधि में 29.07 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। मिलों में देरी से पेराई शुरू होने के कारण उप्र में चालू सीजन में उत्पादन 42 फीसदी घटकर केवल 11.3 लाख टन का ही हुआ है। कर्नाटक में चालू पेराई सीजन में 12 लाख टन चीनी का ही उत्पादन हुआ है जबकि पिछले साल की समान अवधि में 16 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के अनुसार चालू पेराई सीजन में देशभर में 476 चीनी मिलों में पेराई शुरू ही हुई है जोकि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 23 मिलें कम है। महाराष्ट्र में 154 चीनी मिलों में पेराई चल रही है तथा राज्य में अभी तक 217 लाख टन गन्ने की पेराई हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में चालू पेराई सीजन में 119 चीनी मिलों ने अभी तक 128.8 लाख टन गन्ने की पेराई की है।

Business Bhaskar
3/1/14